द सागर स्कूल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता– 2016

दिनांक : 13–14 अक्टूबर 2016 द सागर स्कूल , तिजारा में अन्तर्विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । इस खेलकूद प्रतियोगिता में मेजवान टीम द सागर स्कूल सहित , अलवर पब्लिक स्कूल, अलवर , ब्लू बेल्स मोडल स्कूल सेक्टर– 4 , गुड़गाँव , ब्लू बेल्स मोडल स्कूल सेक्टर– 10 , गुड़गाँव , सी.सी. ए. स्कूल , गुड़गाँव, एल. के. सिघानियाँ एजुकेशन सेंटर , गोटन , राजस्थान , मोडर्न पब्लिक स्कूल , भिवाड़ी , शिव नादर स्कूल गुड़गाँव ,सेंट जेवियर , भिवाड़ी , यू.सी.एस.के.एम.स्कूल ,भिवाड़ी के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में राजस्थान एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र , दिल्ली के कुल 10 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने खेल कौशलों का प्रदर्शन किया ।

द सागर स्कूल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2016 के मुख्य–अतिथि , शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत , सी.बी.एस.ई सहोदय स्कूल , अलवर परिसर के अध्यक्ष , सी.बी.एस.ई सलाहकार बोर्ड के सदस्य , सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् ,यू.सी.एस.के.एम.स्कूल , भिवाड़ी के प्राचार्य , डॉ. प्रभात कौशिक ने प्रतिभागियों का उत्साह बढाते हुए कहा कि शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विद्यार्थियों को अनुशासित बनाता है । पूर्ण समर्पण और खेल की भावना से खेला जाय तो जीत निश्चित है । खेलकूद हमें पारदर्शिता , ईमानदारी, खेल की भावना एवं इंसानियत सिखाता है। इस अवसर पर डॉ.कौशिक ने द सागर स्कूल के विद्यार्थियों के अनुशासन एवं कार्यक्रमों के आयोजन कौशल की प्रशंसा की ।

विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दीपक राज सिंह बिष्ट ने मुख्य–अतिथि डॉ. प्रभात कौशिक के व्यक्तित्व व उपलब्धियों का परिचय देते हुए अभिनंदन किया एवं समागत विद्यालयों के प्रतिभागियों और शिक्षकों का स्वागत किया ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमान् शिशिर पाठक , शिक्षाविद् , उत्तरांचल , द सागर स्कूल के डी.ओ. पी.सी. लेफि्टनेंट कर्नल एस.पी.शर्मा डीन ऑफ एडमिन श्रीमान् यशवंत सिंह कन्याल एवं सागर स्कूल परिवार के सदस्य उपस्थित थे ।